कार्यालय जिला पंचायत, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

दूरभाष (का.) 07868–241441, फैक्स 241080 ई–मेलः ddpkanker01@gmail.com

// प्रेस विज्ञप्ति //

कमांक/997/उ.सं./पंचा.स्था./2026–27 कांकेर, दिनांक 30/10/2026

पंचायत सचिव भर्ती (पंचायत कर्मी) वर्ष 2026–27 भर्ती प्रकिया एवं विशाल राय के संबंध में प्रकाशित भ्रामक समाचार का खंडन, हाल ही में समाचार पत्र में पंचायत सचिव भर्ती प्रकिया को लेकर प्रकाशित खबर, जिसमें श्री विशाल राय की उम्मीदवारी एवं चयन प्रकिया पर नियम विरूध्द लाभ पंहुचाने के आरोप लगाए गए हैं, पूरी तरह से निराधार, भ्रामक है।

जिला प्रशासन द्वारा पंचायत सचिव भर्ती प्रकिया पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष और शासन के निर्धारित दिशा – निर्देशों एवं सेवा नियमों के तहत संचालित की जा रही है, किसी भी स्तर पर किसी भी व्यक्ति को अुनचित लाभ पहुंचाने का प्रश्न ही नहीं उठता है, कार्यालयीन आदेश कमांक/4624/उ.सं./पंचा.स्था./2026–27 कांकेर दिनांक 16.10.2026 को जारी नियुक्ति आदेश में श्री विशाल राय का नाम शामिल नहीं है। जारी की गई पात्रता सूची प्राथमिक स्तर पर प्राप्त दस्तावेजों एवं निर्धारित मानदंडो के आधार पर तैयार की गई है। भर्ती नियमों का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है और किसी भी अपात्र अभ्यर्थी को अनुचित रूप से पात्र घोषित नहीं किया गया है। पंचायत सचिव भर्ती प्रकिया में यदि किसी भी अभ्यर्थी को किसी दस्तावेज या पात्रता को लेकर संशय अथवा आपत्ति है, तो उसके निराकरण के लिए नियमानुसार वैधानिक व्यवस्था के तहत् कार्यालयीन प्रेस विज्ञप्ति कं./606/कांकेर दिनांक 06.08.2026 के द्वारा पात्र – अपात्र सूची प्रकाशित कर दिनांक 06.08.2026 से 20.08.2026 तक दावा – आपत्ति मंगाया गया था। जिसमें किसी अभ्यर्थी/रोजगार सहायक संघ द्वारा श्री विशाल राय के पात्रता के संबंध में कोई दावा आपत्ति नहीं किया गया। बिना तथ्यों की पुष्टि के आधारहीन आरोप लगाना निंदनीय है।

समस्त कार्यवाही विधिसम्मत एवं पारदर्शी तरीके से ही पूर्ण की गई है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत, कांकेर

पृ. कमांक/998/उ.सं./पंचा.स्था./2026–27 कांकेर, दिनांक 30/10/2026

प्रतिलिपि :–

01. कलेक्टर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर की ओर सादर सूचनार्थ।
02. उप संचालक, जनसंपर्क विभाग जिला उत्तर बस्तर कांकेर की ओर सूचनार्थ। दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन कराने हेतु।
03. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला उ.ब. कांकेर को सूचनार्थ। जिले के वेबसाइट www.kanker.gov.in में अपलोड करने की कार्यवाही करेगें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत, कांकेर

Scanned with OKEN Scanner